10th वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report 2009-10



COMMEMORATING 10TH YEAR OF CGTMSE

10 वर्ष का यह विश्वास कि
छोटे-छोटे आइडिया (विचार) भी **भव्य भविष्य** की बुनियाद होते हैं.

10 years of believing that
small ideas could have a **big future.**

CGTMSE

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट
(भारत सरकार एवं सिडबी द्वारा स्थापित)
Credit Guarantee Fund Trust
For Micro & Small Enterprises
(Set up by Govt. of India & SIDBI)

अनुमोदनों की संख्या (संचयी)
Number of Approvals (Cumulative)



*संसोधन/रद्द के मध्यवर्ती कारणों से वास्तविक बदलाव

*Actuals may vary due to intervening Cancellations/Modifications

अनुमोदनों की राशियाँ (संचयी)
Amount of Approvals (Cumulative)



विषय-सूची
Content

10 वर्ष का यह विश्वास कि छोटे-छोटे आइडिया (विचार) भी भव्य भविष्य की बुनियाद होते हैं.	01	Ten years of believing that small ideas can have a big future
प्रेषण-पत्र	02	Letter of Transmittal
अध्यक्ष का वक्तव्य	03	Message from the Chairman
मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य	04	Message from the CEO
न्यासी मंडल	05	Board of Trustees (As on July 7, 2010)
भारतीय अर्थव्यवस्था	06	Indian Economy
31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के कामकाज की रिपोर्ट	07	Report on the working of the Credit Guarantee Fund Trust for Micro and Small Enterprises for the year ended March 31, 2010
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	08	Auditor's Report
तुलन पत्र और लेखा-विवरण	09	Balance Sheet & Statement of Accounts

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट(सीजीटीएमएसई) की स्थापना सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के प्रयासों से 27 जुलाई 2000 को हुई। निश्चय ही यह एक उल्लेखनीय घटना थी और देश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के फायदे के लिए एकांतिक रूप से ऋण गारंटी संगठन स्थापित किए जाने के विचार की परिणति थी।

देश के सूक्ष्म और लघु उद्यमों का अस्तित्व, विकास और समृद्धि उनके विचारों के दम पर कायम है। उद्यमिता का सीधा सरोकार विचारों के पल्लवन और उनको वाणिज्यिक दृष्टि से व्यवहार्य एवं बैंक-सहायता-योग्य प्रस्तावों में परिणत करने से है। छोटे से छोटे विचार में भी असंख्य भारतवासियों की जिन्दगियों को या तो आपूर्तिकर्ता के रूप में या उपभोक्ता के तौर पर छूते हुए, एमएसई के दृश्य-पटल को बदल देने और अपने परिचालन क्षेत्र में साझी समृद्धि वाली लघु अर्थव्यवस्था के निर्माण की क्षमता विद्यमान है। हर विचार में अपने से प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जुड़े सभी पक्षकारों के कल्याण में वृद्धि करने की संभावना निहित होती है। फिर चाहे वह विचार कितना ही छोटा क्यों न हो।

किसी भी संस्था की आयु के दस वर्ष बहुत कम समय होता है। फिर भी विविध प्रकार के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के मध्य विचारों के प्रस्फुटन के लिए उर्वरतायुक्त अनुकूल वातावरण के सृजन की दृष्टि से सीजीटीएमएसई के दस वर्ष के अस्तित्व के प्रभाव का यदि कोई मूल्यांकन करे तो यह दस वर्ष का समय विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण हो उठता है। संचयी रूप से देश के दूर-दराज इलाकों में उपजे तीन लाख से अधिक विचार बैंक-सहायता-योग्य इकाइयों का रूप धारण कर चुके हैं। बैंकों और अन्य ऋणदात्री संस्थाओं के माध्यम से संपार्श्विक-रहित ऋण-प्रदायगी की प्रक्रिया के ज़रिए उद्यमशील प्रतिभाओं, उनके विचारों और प्रबंधकीय क्षमताओं को पंख मिले हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्प्रेरण और उनकी संवृद्धि के प्रोत्साहन ने इस सदी के सबसे बड़े अवसर को जन्म दिया है। इन अल्प-विकसित क्षेत्रों में आर्थिक अवसरों तक पहुँच को विस्तार देने और यह सुनिश्चित करने में सीजीटीएमएसई एक मुख्य भूमिका अदा करता रहा है कि यदि विभिन्न स्तर पर उचित मार्गदर्शन और सहायता मिले तो विचार केवल विचार नहीं रह जाते, बल्कि फलीभूत भी होते हैं।

हम विचारशीलता को प्रोत्साहित करते हैं। पिछले वर्ष 1.5 लाख से अधिक उद्यमियों ने ऋण गारंटी सहायता की सुविधा लेकर अपने विचारों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम का जामा पहनाया। सीजीटीएमएसई देश के छोटे से छोटे उद्यम के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। हम ऋणदाता को आश्वस्ति दिलाते हैं कि यदि एमएसई अपने वश से बाहर के किसी कारण से अपनी देयताओं की चुकौती करने में असफल रहते हैं तो उनकी प्रतिबद्धता की पूर्ति हम करेंगे। पिछले 10 वर्षों में हम एमएसई का संपोषण करते रहे हैं और यह कहते हुए ऋणदाताओं के पीछे खड़े रहे हैं कि वे इस महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में अपने ऋण की मात्रा बढ़ाएँ। हमने विचारों और प्रेरणा को बैंक-सहायता-योग्य परियोजनाओं से जोड़ने वाले योजक का काम किया है। दस वर्ष के अथक प्रयत्न का अच्छा परिणाम मिला है और इसके प्रभाव बहुत दूरगामी रहे हैं। आज बैंकों और एमएसई इकाइयों, दोनों के मध्य संपार्श्विक-रहित ऋण-प्रदायगी के दर्शन को लेकर बहुत अधिक विश्वास है और जैसे-जैसे दिन गुजर रहे हैं यह संबंध निरंतर मज़बूत होता जा रहा है। संपार्श्विक प्रतिभूति अनुमानित प्रतिभूति प्रदान करती है । वास्तविक प्रतिभूति वह मन की शांति है जो ऋण गारंटी योजना ऋणदाताओं को उपलब्ध कराती है।

यह एक वैधीकरण है। ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत कवरेज के 31 मार्च 2010 तक के प्रभाव-मूल्यांकन से पता चलता है कि सीजीटीएमएसई द्वारा गारंटित इकाइयों से अनुमानतः 17.56 लाख व्यक्तियों को रोजगार मिला, अनुमानतः 69,195 करोड़ रुपये का कुल उत्पादन हुआ और 2047 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ।

सीजीटीएमएसई की धारणा है कि छोटे से छोटे विचार का भविष्य बहुत बड़ा हो सकता है। छोटा विचार बहुत बड़ा प्रभाव पैदा कर सकता है। हम विचारों की उस शक्ति को समझते हैं जो लघु उद्यम को सामाजिक रूप से प्रासंगिक ऐसी सत्ता में रूपांतरित कर सकते हैं जो आबादी के सीमांतवर्ती घटकों की समावेशी संवृद्धि को शीघ्र बढ़ावा देने में सक्षम है। सीजीटीएमएसई की इस दुनिया में आपका स्वागत है। **"10 वर्ष का यह विश्वास कि छोटे-छोटे आइडिया (विचार) भी भव्य भविष्य की बुनियाद होते हैं"**

Credit Guarantee Fund Trust for Micro and Small Enterprises (CGTMSE) was founded on July 27, 2000 through the efforts of Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises, Government of India and Small Industries Development Bank of India. It was indeed a landmark event and a culmination of the idea of setting up a Credit Guarantee organization exclusively for the benefit of Micro and Small Enterprises (MSE) in the country.

Micro and Small Enterprises in the country have survived, grown and flourished on the strength of their ideas. Entrepreneurship is all about engaging ideas and converting them into commercially viable and bankable proposals. The smallest ideas have the ability to transform the MSE landscape and build a mini economy of shared prosperity in the area of its operations through the process of touching the lives of innumerable Indians either as suppliers or consumers. Every idea, however small, has the potential to improve the well being of all those who are directly or indirectly connected to them.

Ten years in the life of an institution is but a small period. However, if one were to assess the impact of CGTMSE's existence in terms of creating an enabling environment conducive for the germination of ideas across a range of micro and small enterprises, the ten year period assumes a special significance. Cumulatively, over three lakh ideas have metamorphosed into bankable units in the remotest corners of the country. The entrepreneurial talent, their ideas and managerial capabilities have been provided wings through the process of extending collateral free credit by banks and other lending institutions. Catalysing the rural economy and stimulating their growth presents the biggest opportunity of the century. CGTMSE has been playing a key role in broadening access to economic opportunities in these less developed areas and ensuring that ideas do not remain mere thoughts but reach fructification stage through proper handholding and support at various levels.

We encourage ideation. Last year over 1.5 lakh entrepreneurs converted their ideas into MSE enterprises through the facilitation of credit guarantee support. CGTMSE has been a source of inspiration to the smallest of entrepreneurs in the country. We provide comfort to the lender that in the event of MSE entrepreneurs failing to repay their dues owing to reasons beyond their control, we would honour their commitment. In the past 10 years we have been nurturing MSEs and standing behind the lenders while exhorting them to increase their exposure to this important sector. We have been the interface that connects ideas and inspiration to bankable projects. Ten years of relentless pursuit has yielded rich dividends and the impact has been far reaching. Today there is greater confidence both among banks and MSE units in the philosophy of collateral free lending and with every passing day this relationship is getting strengthened. Collaterals offer notional security. The real security is the peace of mind that Credit Guarantee Scheme offers to the lenders.

This is a validation. An assessment of the impact of the coverage under Credit Guarantee Scheme as at March 31, 2010 indicates that there is an estimated employment generation of 17.56 lakh persons, expected turnover of Rs.69,185 crore and estimated exports of Rs.2047 crore from CGTMSE guaranteed units.

At CGTMSE we believe no idea is too small to have a big future. Small ideas can make a big impact. We understand the power of ideas to transform small enterprises into socially relevant entities capable of fostering an inclusive and rapid growth of the marginalised segments of the population. Welcome to CGTMSE's world. ***"Ten years of believing that small ideas can have a big future"***

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट,

एमएसएमई विकास केंद्र, 7वाँ तल,

सी-11/जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स,

बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051.

08 जुलाई, 2010

प्रति

अतिरिक्त सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई)

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार,

निर्माण भवन, 7वाँ तल, ए विंग, मौलाना आज़ाद मार्ग,

नई दिल्ली- 110 011

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

सिडबी टावर, 15, अशोक मार्ग,

लखनऊ- 226 001

महोदय,

ट्रस्ट के संस्थापकों - भारत सरकार और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक द्वारा निष्पादित की गई ट्रस्ट की घोषणा के खंड 14.2 के अनुसार, मैं एतत्द्वारा निम्नलिखित दस्तावेज अग्रेषित कर रहा हूँ-

1) 31 मार्च, 2010 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ट्रस्ट के अंकेक्षित लेखों और लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट की प्रति तथा

2) 31 मार्च, 2010 को समाप्त अवधि में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के कामकाज संबंधी रिपोर्ट की प्रति

भवदीय,

ह./-

(ओ. एस. विनोद)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी

Credit Guarantee Fund Trust for Micro and Small Enterprises,
MSME Development Centre, 7th Floor,
C-11/G-Block, Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai – 400 051.

July 08, 2010

To,

The Additional Secretary & Development Commissioner (MSME),
Ministry of Mirco, Small & Medium Enterprises, Govt. of India,
Office of the Development Commissioner (MSME),
Nirman Bhavan, 7th Floor, 'A' Wing, Maulana Azad Road,
New Delhi – 110 011

The Chairman & Managing Director,
Small Industries Development Bank of India,
SIDBI Tower, 15, Ashok Marg,
Lucknow – 226 001

Dear Sirs,

In terms of Clause 14.2 of the Declaration of Trust executed by the Government of India and Small Industries Development Bank of India, the Settlors, I forward herewith the following documents :

1) A copy of audited accounts of the Trust for the financial year ended March 31, 2010 together with Auditor's Report, and
2) A copy of the report on the working of Credit Guarantee Fund Trust for Micro & Small Enterprises for the period ended March 31, 2010.

Yours faithfully,

Sd/-
(O. S. Vinod)
Chief Executive Officer



भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्तीय वर्ष 2009-10 में सुदृढ़ और अनवरत सुधार दर्ज़ किया है। अर्थव्यवस्था के लगभग सभी प्रमुख घटकों में यह सुधार दिखाई दिया है। घरेलू और बाहरी मांग के बढ़ने के साथ-साथ, औद्योगिक गतिविधियों में आए उछाल का आधार निरन्तर व्यापक और मजबूत होता जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2009-10 में समग्र औद्योगिक संवृद्धि 8.3% होने का अनुमान है। हाल के महीनों में उपभोक्ता सामान की बिक्री की स्थिति में तेजी से आए सुधार और अगली पंक्ति की कंपनियों में आम तौर पर जो सुधार हुआ है, उससे उपभोग माँग में तेजी से सुधार का पता चलता है। संवृद्धि की सकारात्मक प्रत्याशाओं के कारण निवेश की माँग ने भी गति पकड़ ली है और उसके आगामी वर्षों में और भी दृढ़ रहने की उम्मीद है। जैसे-जैसे आर्थिक सुधार में विस्तार और गहराई आएगी, वैसे-वैसे आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक होता जाएगा, जैसाकि भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य एजेंसियों द्वारा की गई उच्चतर संवृद्धि की भविष्यवाणियों से सुस्पष्ट है।

हाल की आर्थिक मंदी को झेलकर एमएसएमई क्षेत्र ने महान समुत्थानशीलता का परिचय दिया है। अर्थव्यवस्था में कुल विनिर्माण की दृष्टि से इस क्षेत्र का 40% से अधिक और कुल निर्यात में 35% का हिस्सा है। साथ ही, यह दूसरा सबसे बड़ा रोजगार देनेवाला क्षेत्र है। भारत सरकार ने हमेशा इस क्षेत्र पर प्राथमिकता से ध्यान दिया है। वैश्विक आर्थिक मंदी के हाल के दौर में भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक ने कई प्रोत्साहन उपाय घोषित किए, जिनसे इस क्षेत्र को काफी हद तक फायदा पहुँचा। एमएसएमई क्षेत्र की संवृद्धि की कठिनाइयों को दूर करने के उद्देश्य से एमएसएमई पर प्रधान मंत्री कार्य-दल गठित करने की पहल की गई, जिसने इस क्षेत्र की त्वरित संवृद्धि और विकास के लिए कई दूरगामी सिफारिशें की हैं। छह व्यापक विषयों से संबंधित इन सिफारिशों में वस्तुतः एमएसएमई क्षेत्र के सभी प्रकार के मुद्दों का समावेश है। ऋण, विपणन, श्रम, पुनर्वास और बहिर्गमन नीति, मूलभूत सुविधाओं, प्रौद्योगिकी और कौशल विकास तथा कराधान से संबंधित मुद्दों के साथ-साथ, कार्य-दल ने पूर्वोत्तर क्षेत्र और जम्मू-कश्मीर में एमएसएमई के विकास पर भी ध्यान दिया। सिफारिशें विचार और कार्रवाई के विभिन्न चरणों में हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने ऋण गारंटी योजना की समीक्षा करने और इसे और प्रभावकारी बनाने के लिए एक कार्य-दल गठित किया है। आशा है कि कार्य-दल की सिफारिशों से सीजीटीएमएसई की सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं और एमएसई उद्यमों, दोनों को ही फायदा होगा। भारतीय रिज़र्व बैंक ने अप्रैल 2010 में अपनी मौद्रिक नीति के एक हिस्से के रूप में घोषणा की कि सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को अनिवार्यतः संपार्श्विक-रहित ऋण-प्रदायगी की 5 लाख रुपये की वर्तमान सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया जाएगा। एमएसई क्षेत्र के लिए इस कदम के परिणाम बहुत व्यापक हैं और इससे बैंकिंग उद्योग द्वारा संपार्श्विक-रहित ऋण-प्रदायगी को कई गुना करने में सुविधा मिलेगी। प्रसंगवश, 31 मार्च 2010 तक सीजीटीएमएसई द्वारा प्रदत्त समस्त गारंटी अनुमोदनों में 83% अनुमोदन 5 लाख रुपये तक के ऋणों के लिए हैं।

सीजीटीएमएसई के लिए वित्तीय वर्ष 2009-10 परिचालनों और एमएसई क्षेत्र

Indian economy recorded a firm and sustained recovery during FY 2009-10. This recovery has been witnessed in almost all the major segments of the economy. The buoyancy in industrial activities is increasingly becoming broad – based and stronger on the back of rising domestic and external demand. The overall industrial growth has been estimated at 8.3% for FY 2009-10. Strong recovery in the growth in sales of consumer durables in recent months, along with the general pick-up in corporate top line suggests strong revival in consumption demand. With the positive growth expectations, the investment demand has also picked up momentum and is expected to be stronger in the coming years. As the economic revival becomes widespread and deepened, the economic outlook appears positive as evidenced by higher growth forecasts by Government of India, Reserve Bank of India and other agencies.

The MSME sector has shown great resilience by weathering the recent economic slowdown. This sector, with significant contribution to the economy by way of more than 40% share in total manufacturing and 35% share in total exports, as also being the provider of second largest source of employment, has always received the priority attention of the Government of India. During the recent period of global economic slowdown, the Government of India and Reserve Bank of India announced a number of stimulus measures, which benefited the sector to a great extent. In order to remove the bottlenecks in the growth of MSME sector, an initiative was taken to set up "The Prime Minister's Task Force on MSMEs" which has made very far reaching recommendations for the accelerated growth and development of the sector.

With greater awareness among MSEs about availability of collateral free loans, CGS has emerged as an important vehicle for providing the necessary stimulus to Member Lending Institutions (MLIs) in extending more financial support to MSEs, especially in the underbanked areas.

The recommendations in six broad thematic areas virtually cover the entire gamut of MSME issues. Besides issues relating to credit, marketing, labour, rehabilitation & exit policy, infrastructure, technology & skill development and taxation, the Task Force also looked at development of MSMEs in North East Region (NER) and Jammu & Kashmir. The recommendations are at various stages of examination and implementation.

The Reserve Bank of India had also set up a Working Group for reviewing the Credit Guarantee Scheme (CGS) and making it more effective. The recommendations of the Working Group are expected to benefit both the Member Lending Institutions (MLIs) of CGTMSE as well as MSE entrepreneurs. The Reserve Bank of India, as part of its Monetary Policy Review in April 2010, announced that the current limit of Rs.5 lakh for mandatory collateral-free lending to MSEs by banks would be raised to Rs.10 lakh. The implications of

तक पहुँच की दृष्टि से बड़ा ही महत्त्वपूर्ण वर्ष रहा है। मुझे सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि वित्तीय वर्ष 2009-10 में 1.50 लाख गारंटी अनुमोदनों को कवर करते हुए ऋण गारंटी योजना ने एक और बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। यह अब तक किसी भी एक वर्ष के लिए सबसे अधिक अनुमोदन हैं। वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान 6,875 करोड़ रुपये के लिए 1,51,387 गारंटी अनुमोदन दिए गए। इस प्रकार गारंटी अनुमोदनों की संख्या व राशि में क्रमशः 182% और 213% की वृद्धि दर्ज़ की गई। सीजीटीएमएसई के लिए यह बहुत संतोष का विषय है कि वित्तीय वर्ष 2010 में संचयी रूप से ऋण गारंटियों की संख्या 3,00,000 के आंकड़े से ऊपर पहुँच गई। माननीय वित्त मंत्री ने 02 अप्रैल 2010 को सिडबी के 20वें स्थापना दिवस पर 3,00,000 वीं गारंटी जारी की।

ऋण गारंटी योजना का फलक बढ़ाने और उसकी पहुँच का विस्तार करने के उद्देश्य से सीजीटीएमएसई लगातार बैंकों और एमएसएमई के मध्य ऋण गारंटी योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास करता रहा है। वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान सीजीटीएमएसई ने 365 संगोष्ठियाँ/ कार्यशालाएं आयोजित कीं। संपार्श्विक-रहित ऋण की उपलब्धता के बारे में एमएसई के मध्य जागरूकता में वृद्धि के फलस्वरूप ऋण गारंटी योजना विशेषकर अल्पबैंकित क्षेत्रों में स्थित एमएसई को और अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं को आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करने का एक महत्त्वपूर्ण साधन बनकर उभरी है।

एमएसई क्षेत्र के लिए सुविधाकारी वातावरण तैयार करने के हमारे प्रयास में समय पर बहुमूल्य और अनवरत सहयोग देने के लिए मैं भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और सिडबी का आभारी हूँ। सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा प्रदान किए गए सहयोग तथा सीजीटीएमएसई की सभी सहयोगी संस्थाओं द्वारा सीजीटीएमएसई के परिचालनों को बढ़ाने के लिए किए गए समर्पित प्रयासों व सहयोग के लिए मैं साधुवाद देता हूँ। अंततः रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान नई बुलंदियाँ छूने पर मैं सीजीटीएमएसई की टीम को उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि भविष्य में वे और ऊँचाइयाँ हासिल करना जारी रखेंगे।

सादर,

राजिन्द्र मल्ला

(आर. एम. मल्ला)

मुंबई

08 जुलाई 2010

the above move for the MSE sector are far reaching and will facilitate manifold increase in collateral free lending by the banking industry. Incidentally, guarantee approvals extended for the loans upto Rs.5 lakh forms 83% of total guarantee approvals by CGTMSE as on March 31, 2010.

For CGTMSE, FY 2009-10 has been a momentous year in terms of its operations and reach to the MSE Sector. I am glad to inform that the coverage under CGS has crossed yet another milestone by covering the 1.50 lakh guarantee approvals in FY 2009-10, which was the highest so far in any single year. The number and amount of guarantee approvals, with 1,51,387 guarantee approvals for Rs.6,875 crore, during FY 2009-10 registered a growth of 182% and 213% respectively. It is also a matter of great satisfaction for CGTMSE that the cumulative number of credit guarantees crossed the 3,00,000 mark during FY 2010. The 3,00,000th guarantee was released by Hon'ble Finance Minister on April 02, 2010 on the occasion of 20th Foundation Day of SIDBI.

In order to widen its scope and reach, CGTMSE has been constantly endeavoring to increase the awareness about CGS among the bankers and MSEs. During FY 2009-10, CGTME has conducted 365 seminars / workshops. With greater awareness among MSEs about availability of collateral free loans, CGS has emerged as an important vehicle for providing the necessary stimulus to Member Lending Institutions (MLIs) in extending more financial support to MSEs, especially in the underbanked areas.

I am grateful to Government of India, Reserve Bank of India and SIDBI for their valuable, timely and continuous support in our endeavor in creating an enabling environment for the MSE sector. I would also express my appreciation for the co-operation extended by the MLIs as well as all partner institutions of CGTMSE for their dedicated efforts and support to upscale the operations of CGTMSE. In conclusion, I also compliment the CGTMSE team for their hard work and dedication in reaching newer milestones during the reporting year and hope that they would continue to reach greater heights in future.

With regards,

(R. M. Malla)

Mumbai
July 08, 2010



जुलाई 2010 में सीजीटीएमएसई सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्र की सेवा के दस वर्ष पूरे कर लेगा। वित्तीय वर्ष 2001 में 6 करोड़ रुपये के लिए 951 प्रस्तावों के ऋण गारंटी अनुमोदन वाली 9 सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं से आरंभ करके वित्तीय वर्ष 2010 में सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की संख्या 111 तक और कवरेज 6875 करोड़ रुपये के लिए 1.50 लाख प्रस्तावों तक पहुँच गई है। संचयी रूप से 31 मार्च 2010 तक गारंटी अनुमोदनों की संख्या 11,559 करोड़ रुपये के लिए 3,00,105 हो गई है।

शुरुआती वर्षों में कवरेज कम थी, किन्तु समय के साथ-साथ इसके प्रति आकर्षण में वृद्धि हुई है और सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं अब ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत कवरेज के लिए वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करने लगी हैं। सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं अब गारंटी-पद्धति के बारे में आश्वस्त हैं और गारंटी योजना की प्रासंगिकता तथा सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं और एमएसई दोनों ही के लिए मूल्यवत्ता के विकास की इसकी संभावना को लेकर आम तौर पर स्वीकार्यता का भाव बना है। जुलाई 2000 से अब तक की हमारी यात्रा काफी उत्साह, चुनौतियों और अवसरों से भरपूर रही है। इस मार्ग में सीजीटीएमएसई ने कई मंजिलें पार की हैं और आनेवाले वर्षों में अभी और कई मंजिलों से आगे जाने की दिशा में अग्रसर है।

वित्तीय वर्ष 2010 कई कारणों से सीजीटीएमएसई के लिए एक यादगार वर्ष रहा। परिचालन के स्तर पर वर्ष के दौरान हुई कवरेज पहले नौ वर्षों के परिचालन के दौरान हुई संचयी कवरेज से अधिक रही। पिछले वित्तीय वर्ष के कार्यनिष्पादन की तुलना में यह वृद्धि प्रस्तावों की संख्या और राशि की दृष्टि से क्रमशः 182% और 213% की रही। स्पष्टतया यह ऋण गारंटी योजना की बढ़ती हुई लोकप्रियता और इसमें सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं के बढ़ते हुए विश्वास का परिचायक है। सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं से मिली प्रतिसूचना के आधार पर योजना के प्रक्रियागत पक्ष में कई संशोधन किए गए। इससे कवरेज को और आगे बढ़ाने में आनेवाली बाधाओं के दूर होने की आशा है। देश भर में संवर्द्धनशील और विकासपरक प्रयासों को तेज किया गया, ताकि अधिकाधिक संख्या में सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं को प्रोत्साहित किया जा सके कि वे ऋण गारंटी योजना को एमएसई के लिए ऋण-प्रदायगी के अधिमान्य विकल्प के रूप में देखें। वर्ष के दौरान दावों के निपटान के लिए फास्ट ट्रैक दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया गया और यह प्रक्रिया पूर्णतया ऑनलाइन कर दी गई है। इसी प्रकार, वार्षिक सेवा शुल्क की वसूली को सभी गारंटीकृत लेखों के लिए सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा एक केंद्रीय भुगतान के ज़रिए करते हुए सरलीकृत कर दिया गया है। इससे इस प्रक्रिया में सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं के शाखा/अंचल कार्यालयों और सीजीटीएमएसई द्वारा किए जानेवाले भारी काम की मात्रा में कमी आई है।

एमएसएमई पर प्रधानमंत्री के कार्य-दल और ऋण गारंटी योजना पर भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्य-समूह की रिपोर्ट, दोनों में की गई सिफारिशों के कार्यान्वयन से एमएसएमई क्षेत्र की संवृद्धि और विकास पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, ऋण-प्रदायगी की प्रक्रिया सुधरेगी और इससे उपेक्षित लोगों का समावेशन बड़े पैमाने

CGTMSE will be completing ten years of service to the Micro and Small Enterprises (MSE) sector in July 2010. From 9 Member Lending Institutions (MLIs) with credit guarantee approvals of 951 proposals for Rs.6 crore in FY2001, the number of MLIs has gone up to 111 and coverage to over 1.50 lakh proposals for Rs.6875 crore in FY2010. Cumulatively, as at March 31, 2010 the number of guarantee approvals was 3,00,105 for Rs.11,559 crore.

In the initial years, the coverage was low but over time it has picked up traction with MLIs now fixing internal annual targets for coverage under Credit Guarantee Scheme. MLIs are now comfortable with the guarantee mechanism and there is a general acceptance about the relevance of the guarantee scheme and the potential it holds for creating greater value for both the MLIs as well as MSEs. The journey from July 2000 till date has been full of excitement, challenges and opportunities. CGTMSE has crossed several milestones on the way and is set to surpass more in the years ahead.

FY2010 was a memorable year for CGTMSE for several reasons. At the operational level, the coverage during the year was higher than the cumulative coverage during the first nine years of operations. Compared with the performance during previous financial year, the growth was 182% and 213% in terms of number of proposals and amount respectively. Clearly a sign of the growing popularity of the scheme and growing confidence of MLIs in the credit guarantee mechanism. Several modifications were made in the procedural aspects of the scheme based on feedback from the MLIs which would hopefully remove the roadblocks to



increasing the coverage further. The promotional and development efforts were intensified across the country with a view to encouraging greater number of MLIs to consider Credit Guarantee Scheme as the preferred option for MSE lending. Fast track approach to claim settlement continued to be a focus area during the year and the process has been made fully online. Similarly, the collection of Annual Service Fee has been simplified through a central payment by the MLI concerned for all the guaranteed accounts thus saving huge amount of work involved in the process at the branch / zonal offices of the MLI as well as at CGTMSE.

The recommendations of both the Prime Minister's Task Force for MSMEs and RBI Working Group Report on Credit Guarantee Scheme once implemented will radically impact the growth and development of the MSME sector, improve the credit

पर होगा। ये सिफारिशें दूरदर्शितापूर्ण हैं और संभावना को कार्यरूप में परिणत करेंगी। कार्य-दल की रिपोर्ट में सीजीटीएमएसई से संबंधित मुद्दों को यथाशीघ्र कार्यान्वित किया जाएगा।

देश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहनेवाले जिन करोड़ों लोगों तक औपचारिक बैंकिंग प्रणाली नहीं पहुँच पाई है, उन तक पहुँचने के लिए बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना भारतीय रिज़र्व बैंक की नीति का मूल बिन्दु रहा है। वित्तीय समावेश की प्रक्रिया को ऋण एवं संबद्ध सेवाएं प्रदान करने के अगले स्तर तक ले जाने के लिए सभी हितधारकों का सहयोग अपेक्षित होगा और इसके लिए ज़रूरी होगा कि ऋण गारंटी योजना समाज के सबसे सुपात्र जनों तक ऋण की उपलब्धता सुलभ कराने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करे। इस राष्ट्रीय प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सीजीटीएमएसई बहुत उपयुक्त स्थिति में है।

भारत पहली बार अगस्त 2010 में एशिया के ऋण गारंटी संगठनों के अधिकारियों के लिए एशियन क्रेडिट सप्लीमेंटेशन इंस्टीट्यूशन्स कन्फेडरेशन (एसीएसआईसी) प्रशिक्षण कार्यक्रम और नवम्बर 2011 में एशिया के ऋण गारंटी संगठनों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के लिए 24वें एसीएसआईसी सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सीजीटीएमएसई को इन दोनों कार्यक्रमों के आयोजन का सुअवसर मिला है और यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस संगठन की बढ़ती हुई प्रतिष्ठा का परिचायक है।

सीजीटीएमएसई की टीम बड़ी कृतज्ञता से एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, विश्व बैंक, जीटीजेड से मिली सहायता और सहयोग के प्रति आभार ज्ञापित करती है, जिनके साथ हमें घनिष्ठतापूर्वक जुड़कर काम करने का सुअवसर मिला। साथ ही, देश भर की सभी सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं और एमएसई उद्यमियों को भी हम धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने ऋण गारंटी योजना कार्यक्रम को सफल बनाया। भविष्य में देश के कोने-कोने में पहुँचते हुए और ऋण गारंटी योजना की अकूत संभावनाओं को कार्यरूप में परिणत करते हुए ऋण गारंटी योजना की प्रदायगी में सुधार पर बल दिया जाएगा।

सादर,

(ओ. एस. विनोद)

मुंबई
08 जुलाई, 2010

delivery process and lead to higher level of inclusion of the underprivileged. The recommendations are visionary and will translate the potential into performance. Issues relating to CGTMSE in the Working Group Report would be implemented at the earliest.

Increasing banking penetration and promoting financial inclusion has been the cornerstone of RBI's policy for reaching out to the millions of people residing in rural and semi-urban areas of the country not covered by the formal banking system. Taking the process of financial inclusion to the next level of providing credit and related services would need the support of all stakeholders and CGS could play an important role in facilitating credit flow to the most deserving sections of society. CGTMSE is well positioned to actively participate in this national endeavor.

For the first time India will be hosting the Asian Credit Supplementation Institutions Confederation (ACSIC) Training programme in August 2010 for officials of Credit Guarantee organizations in Asia followed by the 24th ACSIC Conference in November 2011 for the Chief Executive Officers of Credit Guarantee organisations in Asia. CGTMSE is privileged to be organizing both these events and it is a recognition of the growing stature of the organization internationally.

Team CGTMSE acknowledges with sincere gratitude the unstinted support and cooperation of the Ministry of MSME, Government of India, Reserve Bank of India, Small Industries Development Bank of India, World Bank, GTZ, Member Lending Institutions, MSME Industry Associations and MSE Entrepreneurs across the country for making the Credit Guarantee Scheme a successful programme. Going forward, the thrust would be on improving the delivery of Credit Guarantee Scheme by reaching out to every nook and corner of the country and translating the huge potential for Credit Guarantee Scheme into tangible performance.

With regards,



(O. S. Vinod)

Mumbai

July 08, 2010

(यथा 07 जुलाई, 2010)

श्री आर.एम. मल्ला, अध्यक्ष (पदेन)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक,
मुख्य कार्यालयः "सिडबी टॉवर" 15, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226 001.

श्री माधव लाल, भारतीय प्रशासनिक सेवा, उपाध्यक्ष (पदेन)
अतिरिक्त सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई),
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार,
ए विंग, 7वाँ तल, निर्माण भवन, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली – 110 011.

श्री ओ.पी. भट्ट, सदस्य (पदेन)
अध्यक्ष, भारतीय बैंक संघ एवं
अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक,
स्टेट बैंक भवन, मैडम कामा रोड, मुंबई – 400 021.

श्री ओ.एस. विनोद, सदस्य–सचिव (पदेन)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट,
7वाँ तल, एसएमई विकास केंद्र, सी – 11, जी ब्लॉक,
बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051.

Board of Trustees of CGTMSE

(As on July 07, 2010)



Shri R. M. Malla, Chairman (ex-officio)
Chairman & Managing Director,
Small Industries Development Bank of India,
Head Office: "SIDBI Tower" 15, Ashok Marg,
Lucknow – 226 001.

Shri Madhav Lal, I.A.S, Vice Chairman (ex-officio)
Additional Secretary & Development Commissioner (MSME),
Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises,
Government of India,
'A' Wing, 7th Floor, Nirman Bhavan,
Maulana Azad Road, New Delhi - 110 011.

Shri O. P. Bhatt, Member (ex-officio)
Chairman, Indian Banks' Association and
Chairman, State Bank of India, State Bank Bhavan,
Madame Cama Road, Mumbai - 400 021.

Shri O. S. Vinod, Member Secretary (ex-officio)
Chief Executive Officer, Credit Guarantee Fund Trust
for Micro and Small Enterprises,
7th Floor, MSME Development Centre, C-11, G-Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400 051.

भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्तीय वर्ष 2009 के 6.7 % की तुलना में वित्तीय वर्ष 2010 में 7.4% की दर से वृद्धि हुई। यह वृद्धि अमेरिका-नीत वैश्विक आर्थिक मंदी से अर्थव्यवस्था के तेजी से उबरने के कारण संभव हो पाई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) ने वित्तीय वर्ष 2010 में गति पकड़ी और यह 2009 की अधिकांश अवधि में नकारात्मक बना रहने के बाद गति पकड़ते हुए दिसंबर 2009 में 20 वर्ष के सर्वाधिक स्तर 17.7% पर पहुँच गया। समग्र रूप से 2009-10 में आईआईपी 9.3% बढ़ा, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह वृद्धि 3.9% थी। अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में सतोषजनक वृद्धि हुई, जिसमें खनन और उत्खनन में 10.6%, विनिर्माण में 10.8%, बिजली में 6.5% और निर्माण क्षेत्र में 6.5% की वृद्धि हुई। किन्तु सेवा क्षेत्र की वृद्धि 8.5% रही जो वित्तीय वर्ष 2009 में प्राप्त की गई 9.8% की वृद्धि से कम थी, जबकि कृषि और संबद्ध क्षेत्र के कुल उत्पादन में वित्तीय वर्ष 2009 के 1.6% की तुलना में 0.2% की वृद्धि हुई जिसका मुख्य कारण मानसून की कमी और देश के कई हिस्सों में बाढ़ का आना रहा।

वित्तीय वर्ष 2010 के दौरान भारतीय निर्यात और आयात में डॉलर की दृष्टि से क्रमशः 4.7% और 8.2% की नकारात्मक वृद्धि दर्ज़ हुई। किन्तु चूंकि भारत में विदेशी मुद्रा का पर्याप्त भंडार था, इसलिए निर्यात और आगत पूँजी की मात्रा कम होने के बावजूद, भुगतान संतुलन बनाए रखा जा सका।

सुलभ ब्याज-दर का प्रचलन,मुद्रा-स्फीति पर ऊर्ध्वगामी दबावयुक्त पर्याप्त तरलता वित्तीय वर्ष 2010 की विशेषता रही। थोक विक्रय मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रा-स्फीति बढ़कर 9.9% हो गई, जिसमें उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ऊँचा रहा। वैश्विक वित्तीय संकट की प्रतिक्रिया-स्वरूप भारत सरकार द्वारा लागू किए गए मौद्रिक एवं राजकोषीय प्रोत्साहन उपायों से न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़नेवाले समग्र नकारात्मक प्रभाव को कम करने में मदद मिली, बल्कि महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में वृद्धि को भी प्रोत्साहन मिला, जिससे अर्थव्यवस्था में अप्रत्याशित गति से सुधार हुआ। माना जा रहा है कि आने वाले समय में मानसून सामान्य रहेगा, जिसके चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक वृद्धि होगी। अर्थव्यवस्था के सामने वृद्धि के घटकों के प्रति सहायताकारी रहते हुए मुद्रा-स्फीति के दबावों को संतुलित करने की चुनौती है।

केंद्रीय बजट 2010-11

- हस्तशिल्प, कालीन, हथकरघा और लघु एवं मध्यम उद्यमों के निर्यात पर वर्तमान में मिलनेवाले ब्याज संबंधी 2 प्रतिशत सरकारी अनुदान को एक वर्ष के लिए और बढ़ाया जाना।
- प्रधान मंत्री द्वारा गठित उच्च-स्तरीय कार्य-दल की सिफारिशों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों की उच्च-स्तरीय परिषद की स्थापना।
- सूक्ष्म-वित्त विकास हेतु समूह निधि एवं इक्विटी निधि को 2010-11 में दुगना करके 400 करोड़ रुपये किया जाना।
- 2000 से अधिक आबादी वाली बस्तियों में मार्च, 2012 तक समुचित बैंकिंग सुविधाएं प्रदान किया जाना।
- बिजनेस करेस्पॉन्डेंस मॉडल का इस्तेमाल करते हुए बीमा एवं अन्य सेवाएं प्रदान किया जाना। इस व्यवस्था के ज़रिए 60,000 बस्तियों को कवर करने का प्रस्ताव है।
- वित्तीय समावेशन निधि (एफआईएफ) और वित्तीय समावेशन प्रौद्योगिकी निधि, दोनों में सौ-सौ करोड़ रुपये का और योगदान, जो भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और नाबार्ड द्वारा किया जाएगा।
- खातों की अनिवार्य लेखा-परीक्षा के लिए टर्नओवर की सीमा बढ़ाकर कारोबार के मामले में 60 लाख रुपये और प्रोफेशन के मामले में 15 लाख रुपये की गई।
- लघु व्यवसायों के प्रकल्पित कराधान के उद्देश्य से टर्नओवर की सीमा बढ़ाकर 60 लाख रुपये की गई।
- न्यूनतन वैकल्पिक कर (एमएटी) की दर बही-लाभ के मौजूदा 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत की गई।
- रोडियम (गहने पॉलिश करने में प्रयुक्त धातु), स्वर्ण-अयस्क, माइक्रोवेव अवनों के उत्पादन में प्रयुक्त मुख्य पुर्जों, पीपलामूल, हींग, घरेलू किस्म के पानी-फिल्टर में प्रयुक्त परिवर्तनीय किट-आरओ से इतर, नालीदार डिब्बे या कार्टन, लेटेक्स रबड़ आदि पर बुनियादी सीमा-शुल्क में कमी।

भारतीय रिज़र्व बैंक के मौद्रिक नीति-वक्तव्य 2010-11 में घोषित उपाय

- रेपो दर और रिवर्स रेपो दर 25 आधार बिन्दुओं की वृद्धि के फलस्वरूप क्रमशः 5.25% और 3.75%
- सीआरआर 25 आधार बिन्दुओं की वृद्धि के फलस्वरूप 6%
- जैसाकि न्यूनतम प्राथमिक उधार दर (पीएलआर) प्रणाली- कार्यदल ने सुझाव दिया था, बैंकों को यह अधिदेश देने का निर्णय किया गया कि वे 01 जुलाई 2010 से आधार दर प्रणाली अपनाएँ।
- सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) की ऋण गारंटी योजना पर गठित कार्य-दल (अध्यक्षः श्री वी. के. शर्मा) की सिफारिश के मद्देनज़र बैंकों को अधिदेश दिया जाना प्रस्तावित कि वे सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसई) क्षेत्र की सभी इकाइयों को प्रदत्त 10 लाख रुपये तक के ऋणों के लिए संपार्श्विक प्रतिभूति पर जोर न दें। वर्तमान में यह सीमा 5 लाख रुपये है।

The Indian economy grew by 7.4% in FY 2010 as compared to 6.7% during FY 2009. The increase has been possible due the quick recovery of the economy from the US led global economic slow down. The Index of Industrial Production (IIP) picked up pace in FY 2010 and rose to a 20 year high of 17.7% in December 2009 after staying negative through most of 2009. Overall, IIP expanded 9.3% in 2009-10 as against 3.9% growth in previous financial year. There was satisfactory growth in all sectors of the economy with mining and quarrying growing at 10.6%, manufacturing by 10.8%, electricity by 6.5% and construction sector by 6.5%. However, the service sector growth at 8.5% was lower than 9.8% achieved in FY 2009 while agriculture and allied sector output declined to 0.2% vis-a-vis 1.6% in FY2009 mainly due to unsatisfactory monsoon and floods in several parts of the country.

Indian exports and imports registered negative growth of 4.7% and 8.2% respectively in dollar terms during FY 2010. However, India's comfortable foreign exchange reserves helped to manage the balance of payment notwithstanding the lower exports and capital inflows.

FY 2010 was characterised by soft interest rate regime, ample liquidity with upward pressure on inflation. The inflation as measured by whole sale price index increased to 9.9% of which consumer price inflation remained high. The monetary and fiscal stimulus measures introduced by the Government of India as a response to the global financial crisis helped not only to reduce the overall negative impact on the Indian economy as also to stimulate growth in important sectors leading to a quicker than anticipated turnaround. The growth outlook for the Indian economy in the near term is positive assuming a normal monsoon. The challenges before the economy is to balance inflationary pressures while maintaining supportive of growth factors.

Union Budget 2010-11

- Extension of existing interest subvention of 2 per cent for one more year for exports covering handicrafts, carpets, handlooms and small and medium enterprises.
- High Level Council on Micro and Small Enterprises to be set up to monitor the implementation of the recommendations of High-Level Task Force constituted by Prime Minister.
- The corpus for Micro-Finance Development and Equity Fund doubled to Rs.400 crore in 2010-11.
- Appropriate Banking facilities to be provided to habitations having population in excess of 2000 by March, 2012.
- Insurance and other services to be provided using the Business Correspondent model. By this arrangement, it is proposed to cover 60,000 habitations.
- Augmentation of Rs.100 crore each for the Financial Inclusion Fund (FIF) and the Financial Inclusion Technology Fund, which shall be contributed by Government of India, RBI and NABARD.
- Limits for turnover over which accounts need to be audited enhanced to Rs.60 lakh for businesses and to Rs.15 lakh for professions.
- Limit of turnover for the purpose of presumptive taxation of small businesses enhanced to Rs.60 lakh.
- Rate of Minimum Alternate Tax (MAT) increased from the current rate of 15 per cent to 18 per cent of book profits.
- Reduction in basic custom duty on rhodium (metal used for jewellery polishing), gold ore, key components used in production of microwave ovens, long pepper, asafoetida, replaceable kits used for household type water filter other than RO, corrugated box or cartons, latex rubber etc.

Measures announced in RBI Monetary Policy Statement 2010-11

- Increase in repo rate and reverse repo rate by 25 basis points to 5.25% and 3.75% respectively.
- Increase in CRR by 25 basis points to 6%
- Decided to mandate banks to switch over to the system of Base Rate from July 01, 2010 as suggested by Working Group on benchmark Prime Lending Rate (PLR) system.

- बैंकों से आग्रह किया गया है कि वे एमएसएमई द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर विचार करने के लिए गठित प्रधानमंत्री के उच्च-स्तरीय कार्यदल की सिफारिशों को ध्यान में रखें और एमएसई क्षेत्र, विशेषकर सूक्ष्म उद्यमों को ऋण की उपलब्धता में वृद्धि करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। भारतीय रिज़र्व बैंक इस संबंध में बैंकों के कार्यनिष्पादन की निगरानी करेगा। कार्यदल ने बैंकों की कार्यपद्धति पर प्रभाव डालनेवाले कई प्रकार के उपायों जैसे ऋण, विपणन, श्रम, बहिर्गमन नीति, बुनियादी ढाँचे प्रौद्योगिकी कौशल विकास तथा कराधान के संबंध में सिफारिशें कीं। विशेष रूप से दल ने सिफारिश की कि- (i) सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को प्रदत्त ऋण में वर्षानुवर्ष 20 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करनी चाहिए, ताकि बढ़ी हुई ऋण-उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके, (ii) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को प्रदत्त कुल अग्रिमों में से सूक्ष्म उद्यमों के लिए 60 प्रतिशत के उप-लक्ष्य की प्राप्ति मे रह गई कमी को भी 1 अप्रैल, 2010 से ग्रामीण मूलभूत सुविधा विकास निधि अथवा अन्य वित्तीय संस्थाओं में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किसी अन्य निधि में अंशदान के लिए राशियों के आवंटन के उद्देश्य से हिसाब में लिया जाएगा और (iii) सभी अनुसूचित ग्रामीण बैंकों को सूक्ष्म उद्यम खातों की संख्या की दृष्टि से 15 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि हासिल करनी चाहिए।
- बैंकिंग की पहुँच में वृद्धि करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी और प्राइवेट, दोनों क्षेत्रों के घरेलू वाणिज्य बैंकों को सलाह दी गई कि वे निदेशक मंडल के अनुमोदन से अगले तीन वर्षों में क्रियान्वित की जानेवाली वित्तीय समावेशन योजना तैयार करें, और उसे मार्च 2010 तक भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करें।
- राज्य-स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी)/जिला सलाहकारी समितियों के कामकाज की निगरानी के लिए समुचित निगरानी प्रणाली का विकास
- कार्य-दल के विचारणीय विषयों का विस्तार करते हुए उसमें प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र उधार प्रमाणपत्रों (पीएसएलसी) का समावेश किया जाना और बैंकों द्वारा सूक्ष्म-वित्त संस्थाओं को प्रदत्त ऋण को प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र ऋण में शामिल करने के परिणामों की समीक्षा को भी शामिल किया जाना।

